दिन–रविवार दिनांक– 02 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन के स्टार प्रचारक राज्य भर में जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आरा में जनसभा को संबोधित करते हुये महागठबंधन पर स्वार्थ की राजनीति करने का आरोप लगाया। श्री मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में एनडीए सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिये काम कर रही है। उन्होंने बिहार के तीव्र विकास के लिए जनता से एक बार फिर एनडीए को जिताने की अपील की। वहीं, महागठबंधन की ओर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बेगूसराय में एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने युवाओं के लिए नौकरी के लिए अधिनियम बनाकर युवाओं को नौकरी दी जायेगी। श्री गांधी ने एनडीए सरकार पर राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया।

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुंगेर के तारापुर विधानसभ क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी स्रमाट चौधरी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए लगातार काम किया है। महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज नालंदा के अस्थावां में चुनाव सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि महागठबंधन का घोषणा पत्र राज्य के युवाओं, कियानों और गरीबों के उत्थान को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने एनडीए सरकार पर पलायन को बढावा देने का आरोप लगाते हुये कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर युवाओं को बिहार में ही नौकरी के अवसर उपलबध कराये जायेंगे।

———————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पटना में रोड–शो करेंगे। यह रोड शो अपराह्न पांच बजे राजेन्द्र नगर स्थित दिनकर गोलम्बर से शुरू होगा और नाला रोड, ठाकुरबाड़ी रोड, बारी पथ और बाकरगंज होते हुये गांधी मैदान के निकट उद्योग भवन पर समाप्त होगा। पार्टी की ओर से रोड शो की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गयी है। पटना में जगह–जगह बड़ी एलईडी स्क्रीन लगायी गयी है, जिससे लोग प्रधानमंत्री के रोड शो को देख सकेंगे। इधर, प्रशासन की ओर से भी प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए

जगह–जगह बैरिकेटिंग की गयी है। रोड शो के रास्तों पर भारी संख्या में पुलिस बलों को तैनात किया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि इस रोड शो के माध्यम से श्री मोदी पटना जिले की चौदह विधानसभा सीटों के एनडीए उम्मीदवारों के लिए वोट की अपील करेंगे। श्री जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री कल सहरसा और कटिहार में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगें। वहीं, चार नवम्बर को प्रदेश की महिलाओं के साथ वर्चुअल संवाद करेंगे।

———————————————————————

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, यूआईडीएआई ने लोगों को अपने आधार कार्ड में अपडेट की घर बैठे सुविधा उपलब्ध करा दी है। प्राधिकरण ने कहा है कि कोई भी नागरिक माई आधार पोर्टल पर जाकर अपने नाम, पता, जन्मतिथि और मोबाईल नम्बर जैसी जानकारी को ऑनलाइन अपडेट कर सकता है। यह सुविधा चौदह जून दो हजार छब्बीस तक मुफ्त रहेगी। इसके बाद पचहत्तर रुपये का शुल्क देना होगा। यूआईडीएआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि फिंगरप्रिंट, आईरिस और फोटो अपडेट के लिए कार्ड धारक को ऑफलाइन आवेदन ही करना होगा।

———————————————————————

सोनपुर में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेला के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुय रेलवे ने सोनपुर से छपरा के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन पांच और छह नवम्बर को सोनपुर से रात बारह बज कर पन्द्रह मिनट पर खुलेगी और देर रात ढ़ाई बजे छपरा पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन छपरा से तड़के तीन बजकर पैंतालीस मिनट पर खुलेगी और छह बजकर अड़तीस मिनट पर सोनपुर पहुंचेगी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।